संख्या-283/2016/1717/22-2-2016-17(340)/2016

प्रेषक,

सत्येन्द्र कुमार सिंह,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ दिनांक 14 दिसम्बर, 2016***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्व सिद्धदोष बन्दी छोटकन्ने पुत्र श्री फिदा, निवासी जनपद-सीतापुर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-34860/प्रोबेशन-3 (एम-06-09-2016) दिनांक-26-09-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र दिनांक 26-09-2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी छोटकन्ने पुत्र श्री फिदा, निवासी ग्राम बसुदहा, थाना-सदरपुर, जनपद-सीतापुर का निवासी है। पूर्व में हुयी हत्या के केस में नामजद व्यक्तियों की जमानत हो जाने से नाराज होकर बन्दी ने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 18-11-1977 को जाहिद खान को बन्दूक से गोली मार दी तथा बांके से सर काट कर हत्या की। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-334-335/1979 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302,149,148,147,201 व में मा0 चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीतापुर द्वारा दिनांक 17-05-1980 को आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 19-11-1999 को सत्र न्यायालय के निर्णय को यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 25.02.2016 तक 15 वर्ष 11 माह 10 दिन की अपरिहार तथा 21 वर्ष 03 माह 03 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल में आचरण अच्छा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भविष्य में पुन: अपराध करने की सम्भावना होने, कारागार में आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने एवं परिवार की सामाजिक/आर्थिक दशा रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर ने जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की आख्या के दृष्टिगत बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। प्रोबेशन बोर्ड ने अंकित किया है कि पूर्व में हुयी हत्या के केस में नामजद व्यक्तियों की जमानत हो जाने से नाराज होकर बन्दी ने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 18-11-1977 को जाहिद खान को बन्दूक से गोली मार दी तथा बांके से सर काट कर हत्या कर जघन्य अपराध कारित किया है। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी छोटकन्ने पुत्र श्री

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

फिदा, निवासी जनपद-सीतापुर को फार्म'ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- इसी प्रकरण में मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट पिटीशन (क्रिमिनल) सं0-22290(एम0/बी0)/2016 छोटकन्ने बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच, लखनऊ द्वारा पारित आदेश दिनांक 16-09-2016 के अनुपालन तथा उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी छोटकन्ने (बन्दी संख्या-35457) पुत्र श्री फिदा, निवासी जनपद-सीतापुर के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-283/2016/1717(1)/22-2-2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, जनपद-सीतापुर।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।

3- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्ंया-283/2016/1717@22-2-2016-17(340)/2016

दिनांक 14 दिसम्बर, 2016 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध बन्दी छोटकन्ने (बन्दी संख्या-35457) पुत्र श्री फिदा, निवासी ग्राम बसुदहा, थाना-सदरपुर, जनपद-सीतापुर का निवासी है। पूर्व में हुयी हत्या के केस में नामजद व्यक्तियों की जमानत हो जाने से नाराज होकर बन्दी ने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 18-11-1977 को जाहिद खान को बन्दूक से गोली मार दी तथा बांके से सर काट कर हत्या की। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-334-335/1979 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302,149,148,147,201 व में मा0 चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीतापुर द्वारा दिनांक 17-05-1980 को आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 19-11-1999 को सत्र न्यायालय के निर्णय को यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 25.02.2016 तक 15 वर्ष 11 माह 10 दिन की अपरिहार तथा 21 वर्ष 03 माह 03 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल में आचरण अच्छा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भविष्य में पुन: अपराध करने की सम्भावना होने, कारागार में आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने एवं परिवार की सामाजिक/आर्थिक दशा रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर ने जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की आख्या के दृष्टिगत बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। प्रोबेशन बोर्ड ने अंकित किया है कि पूर्व में हुयी हत्या के केस में नामजद व्यक्तियों की जमानत हो जाने से नाराज होकर बन्दी ने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 18-11-1977 को जाहिद खान को बन्दूक से गोली मार दी तथा बांके से सर काट कर हत्या कर जघन्य अपराध कारित किया है। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्वदोष बन्दी छोटकन्ने पुत्र श्री फिदा, निवासी जनपद-सीतापुर को फार्म ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई **अस्वीकार** किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in